# मीणा का खेड़ा में अतिक्रमण हटा कर खोला रास्ता



**कोटड़ी।** संभागीय आयुक्त अजमेर के निर्देशानुसार प्रत्येक शुक्रवार को उपखण्ड स्तर पर आयोजित रास्ता खोलो कैम्प के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लसाड़िया के मीणाकाखेड़ा ग्राम में हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करते हुए रास्ते को खुलाशा कराया। तहसीलदार हनुत सिंह रावत ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित केम्प के दौरान लसाड़िया पंचायत के मीणाकाखेड़ा निवासी गोपाल मीणा ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके घर के बाहर रोड़ी डाल कर गांव के लोगों ने 10 वर्षों से 500 मीटर रास्ता बन्द होने से आम लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। इस पर उपखण्ड अधिकारी सी पी वर्मा ने तहसीलदार को रास्ता खुलाशा कराने के निर्देश पर तहसीलदार हनुत सिंह रावत, पटवारी गोपाल शर्मा तथा पूलिस की सहायता से अतिक्रमण हटाकर खुलवाया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में बाधा पहुंचाने एवं दस्ते से गाली-गलौच करने पर शैतान मीणा को शांतिभंग के मामले में गिरफ्तार किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व



**शाहपुरा।** आज आम मुस्लिम समाज ने हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने शहर के मोहल्लों व बाजार की सजावट की तथा रात्रि में भी आकर्षक लाइटों से सजावट कर मोहल्लों व घरों को रोशन किया। युवाओं ने अपने अपने मोहल्ले की मस्जिदों में भी सजावट की। इस दौरान लोगों ने भारत सरकार की कोरोना वायरस गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए एक दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद दी। शहर काजी सैयद शराफत अली ने बताया कि आज का दिन पूरी दुनिया के लिए सबसे प्रमुख दिन है। इस दिन हजरत मोहम्मद साहब पैदा हुए जिन्होंने पूरी दुनिया को सच्चाई, इंसाफ, और बराबरी का रास्ता दिखाया। आज भी पूरी दुनिया उनके बताए हुए रास्ते पर चल रही है वह हमेशा के लिए पूरी दुनिया के लिए आदर्श है और रहेंगे।

# भजन संध्या के बाद लगाया खीर का भोग



**शाहपुरा।** शरद पूर्णिमा पर शाहपुरा श्याम भजन मंडली के तत्वाधान में ठाकुर जी श्रीचारभुजा मंदिर में भजन संध्या आयोजित की गई। जिसके बाद रात्री में 12 बजे ठाकुरजी के खीर प्रसाद का भोग लगाया गया।

# पं.स. चुनावों को लेकर लिये आवेदन



**शाहपुरा।** पंचायत राज चुनाव के लिए पंचायत समिति बनेड़ा की मीटिग लांबिया कला में भैरुनाथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमे सभी 15 वार्डो के पंचायत समिति चुनाव लड़ने वाले के आवेदन लिए गए। बैठक में पूर्व विधायक पराक्रम सिंह, महावीर प्रसाद जीनगर, पूर्व सीसीबी चेयरमैन भवरु खा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल बांगड़, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष याकूब खा कायमखानी पृथ्वीराज शर्मा पूर्व सीएमएचओ सामरिया, जे.पी. जाट, प्रधुम्न सिंह, रणजीत जाट, मेवालाल गुर्जर, मोहन गुर्जर ,सावर मल जाट, सूरजमल जगदीश खटीक, सावंत खा, भेरू गुर्जर, भागवत सिंह व सुरेश शर्मा, नवाब खा, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष चांदमल गुर्जर, दिनेश लड्ढा, सुरेश गुर्जर, नरेन्द्र गुर्जर, आरिफ, इमरान आदि मौजूद थे।

## *शरद चाँदनी*

शरद चाँदनी आती है
प्रेम-संदेशा लाती है।
अमृत रस बरसाती है
मन को बहका जाती है
आस कोई जगाती है
सबका दिल लुभाती है।
मन की आँखों से दिखती
छटा चाँद की महती है।
शरद चाँदनी कहती है
पवन प्रीत की बहती है
याद प्रियवर की आती है
मीठी अगन लगाती है।
स्मृतियाँ ठहर न पाती हैं
अतीत में पहुँच जाती है
दिलवर अगर पास ना हो
गीत विरह के गाती है।
सहन जुदाई ना होती
तो अश्रुधारा बहती है।
शरद चाँदनी कहती है
पवन प्रीत की बहती है
मन में उमंग जगाती है
दिल में तरंग उठाती है।
प्रिय-मिलन की आस में
प्रेम गीत गुनगुनाती है
दूर बैठे दिलवर की
याद बहुत सताती है।
मिलन मुमकिन नहीं तो
दर्द विरह का सहती है
शरद चाँदनी कहती है
पवन प्रीत की बहती है
चकोर को चकोरी बुलाती है
पीया को गौरी भाती है।
मन-चकवा कह रहा
ऋतु यह मदमाती है
लब चुप हों तो आँखें
दिल का हाल बताती है।
दिलवर के आने की राह
आँखें तकती रहती है
शरद चाँदनी कहती है।
पवन प्रीत की बहती है

-टीकम 'अनजाना'

# सुमंगल सेवा संस्थान ने चलाया 'भाग कोरोना भाग' अभियान

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नो मास्क नो एन्ट्री अभियान के अन्तर्गत कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए स्थानीय समाजसेवी संस्था सुमंगल सेवा संस्थान द्वारा जॉन कमेटी 8 के सदस्यो की सहायता से भाग कोरोना भाग अभियान का आयोजन किया गया। संस्थापक सदस्य अमित काबरा ने बताया कि संस्था द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जनजागरूकता फैलाने के दृष्टिकोण से कृषि उपज मंडी मे आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मंडी के सभी मुख्य द्वारों पर नो मास्क नो एन्ट्री अभियान के अन्तर्गत 450 लोगो को मास्क लगाए बिना मंडी मे प्रवेश करने पर रोको और टोको अभियान की महत्ता को ध्यान दिलाने के साथ ही मंडी परिसर मे बिना मास्क घूमने वाले 150 से भी ज्यादा लोगो को मंडी से बाहर निकाला गया साथ ही ज़रूरतमंद 70 व्यक्तियों को मास्क का वितरण किया गया। आयोजन मे जॉन कमेटी समन्वयक राजैन्द्र शर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक प्रवीण कुमार अटवाल, जमादार लाल चंद लोट, प्रह्लाद मल्होत्रा, नरेन्द्र लोट, शंकर गौरण, प्रह्लाद आदीवाल, स्काउट गाईड हेमा माली, काली कुमावत, एनसीसी छात्रा जानकी सेन, दिनेश सेन, मुकेश यादव, सोनू माली, विजयलक्ष्मी समदानी, पवन वर्मा, विमला काबरा, सुरेश हिंगड, सोनू पाराशर, दीपक समदानी, महेश काबरा सहित अन्य कई सदस्यो द्वारा सहयोग किया गया।



# प्रत्येक जीव के जीवन काल आता है आत्यन्तिक प्रलय - स्वामी योगेश्वरानंद



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

हरी शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मन्दिर में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में चल रहे विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में बाबा शेवाराम के 104वें प्राकट्य दिवस के अवसर पर दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम प्रातःकाल श्री रामायण अखंड पाठ के साथ शुरू हुए। महाशक्ति लीला कथा में 14वें दिन की कथा का वाचन करते हुए कथा-प्रवक्ता स्वामी योगेश्वरानन्द ने महासरस्वती लीला और देवी महात्म्य स्तुति का वर्णन करते हुए बताया कि देवी भगवती ने संपूर्ण जगत को अपने मोह में बांध रखा है, वही इस जगत को संचालित करती है और अंत में बुरी शक्तियों का संहार करके जगत को इन कष्टों से मुक्त करती है। सायँकालीन सत्र में श्रीमद्भागवत महाकथा का वाचन और प्रवचन करते हुए व्यासपीठ से कथा प्रवक्ता ने चार प्रकार के प्रलयों का वर्णन करते हुए बताया कि नित्य प्रलय, नैमित्तिक प्रलय, प्राकृतिक प्रलय और आत्यन्तिक प्रलय प्रत्येक जीव के जीवन काल में होते हैं। संसार की प्रत्येक वस्तु का प्रतिपल विनाश हो रहा है यह नित्य प्रलय कहलाता है। ब्रह्मा जी ने रात्रि को निमित्त बनाकर समस्त जीवों का ब्रह्मा के सूक्ष्म शरीर में छिप जाना नैमित्तिक प्रलय है।

# इंटरनेट सेवा में कम रेंज आने से उपभोक्ता परेशान

**सवाईपुर।** कस्बे के आस-पास के गांवों में पिछले कुछ महीनों से इंटरनेट की सेवा में कम रेंज आने के चलते मोबाइल उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ता को कार्य करने के लिए चेंज कम होने के कारण काफी समय लगता है। जिसके चलते उपभोक्ता खासे परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने रेंज बढ़ाने की मांग की है।


## रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन): L24302RJ1990PLC005560
पंजीकृत कार्यालयः 11-12TH, कि.मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा - 311001(राजस्थान), इंडिया
फोनः 01482-249095, ई-मेलः ranjanpoly@gmail.com
वेबसाइटः www.ranjanpolysters.com

## सूचना

सूचना सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली-2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालना में एतदद्वारा सूचित किया जाता है की कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 10 नवंबर, 2020 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 11-12ञ॥, कि. मी.स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा -311001(राजस्थान) में शाम 4 बजे, 30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वित्तीय परिणामों की अनुशंसा पर विचार अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी। निवेशक कंपनी की वेबसाइट (www.ranjanpolysters.com) एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.msei.in) पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड के द्वारा
Sd/-
(चित्रा नराणीवाल)
कंपनी सचिव

दिनांकः 31.10.2020
स्थानः भीलवाड़ा